गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय द्वारा प्रवाह मेला आयोजित

पन्तनगर। 22 मार्च 2025। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के लॉन में वेट फेयर 'प्रवाह' का आयोजन धूमधाम से किया गया जिसका उद्‌घाटन मुख्य अतिथि डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. चौहान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ विश्राम और रिफ्रेश होने का अवसर मिलता है साथ ही इन आयोजनों से विद्यार्थियों को आपसी सहभागिता एवं प्रोडक्ट मार्केटिंग की विधाएं भी सीखते है। लॉन में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण एवं अवलोकन कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना तथा अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद द्वारा किया गया। इसके उपरांत कुलपति द्वारा कार्यक्रम में आयोजित किये गये विभिन्न खेलों में भी प्रतिभाग किया गया।

इस वेट फेयर में विद्यार्थियों द्वारा कुल 16 स्टाल लगाए गये थे जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया। एक प्रभावी नशा–विरोधी अभियान ने इस दिन को और मूल्यवान बनाया, जिसमें स्वस्थ और नशा–मुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाई गई। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के लॉन पर विविध स्टॉल्स की शानदार व्यवस्था की, जिसमें अलग–अलग खेलों के साथ–साथ स्वादिष्ट व्यंजनों और ताज़गी भरे पेय पदार्थों वाली खाद्य स्टॉल्स शामिल थे। कार्यक्रम में असाधारण रचनात्मकता या कौशल के लिए 'मोज–आई–तोह मोमेंट्स' को प्रथम स्थान और प्रभावशाली प्रयास के लिए 'पानी पुरी पैराडाइज़' व 'मोमो ई लिशियस' को द्वितीय स्थान पर विजेता रहे। निर्णायक मण्डल में डा. एस.सी. त्रिपाठी, डा. निधि अरोरा, डा. सुधीर कुमार एवं श्री रविन्द्र मिश्रा थे।

वेट फेयर कार्यक्रम का आयोजन स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेश एवं सह–स्टाफ काउंसलर डा. अमित प्रसाद के द्वारा कराया गया। वेट फेयर में डा. एस.पी. सिंह, डा. सैनी, डा. जे.एल. सिंह डा. प्रणीता सिंह, डा. राजीव रंजन, डा. संजय कुमार शर्मा, डा. पी. प्रभाकरन, डा. ए.के. उपाध्याय, डा. मानसी, डा. एस.पी. सिंह आदि मौजूद रहे।

वेट फेयर प्रवाह कार्यक्रम में केक काटते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान